# जिला कलक्टर ने रात्रि चौपाल में सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

■ ग्रामीण जागरुक होकर उठाएं सरकार की योजनाओं का लाभः सुराणा

**तारानगर ।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने सोमवार को तारानगर ब्लॉक के बनियाला ग्राम पंचायत में आयोजित रात्रि चौपाल में ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और मौके पर ही उनके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश प्रदान किए। इस दौरान ग्रामीणों ने जिला कलक्टर को बिजली, पानी, सड़क, स्कूल, बीमा क्लेम आदि से संबंधित समस्याएं एवं जरूरतें बताई। जिला कलक्टर सुराणा ने तसल्लीपूर्वक समस्याओं को सुना और मौके पर ही अधिकारियों को निर्देश जारी कर उचित कार्यवाही के लिए कहा। ग्रामीणों ने विद्यालय के टिन शेड के पास लगे विद्युत ट्रांसफॉर्मर को हटाने, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में बकाया क्लेम दिलवाने, सड़क के दुरुस्तीकरण के साथ-साथ बिजली और जलदाय विभाग से जुड़ी अपनी समस्याएं बताई। जिला कलक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्याओं के समयबद्ध और समुचित निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान जिला कलक्टर ने अधिकारियों से कहा कि वे किसी भी माध्यम से प्राप्त होने वाली ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित तथा समयबद्ध निस्तारण करें और यह सुनिश्चित करें कि विभागीय लापरवाही के कारण लोगों को अनावश्यक समस्याओं का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने ग्रामीणों से विभिन्न विभागों की सेवाओं के संबंध में फीडबैक लिया और कहा कि प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए सरकार की ओर से योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। ग्रामीणों को इन योजनाओं व सेवाओं के बारे में जागरुक रहकर इन योजनाओं की पहुंच अंतिम छोर के जरूरतमंद एवं पात्रा व्यक्ति तक सुनिश्चित करने में सहयोग करना चाहिए। इस दौरान जिला कलक्टर ने राउमावि भाड़ंग के विद्यार्थियों से कोड योगी नवाचार और उनकी शैक्षिणक गतिविधियों के बारे में बातचीत की। जिला कलक्टर ने जिले में किए जा रहे विभिन्न नवाचारों की जानकारी दी और कहा कि हमारी कोशिश है कि सरकार की ओर से देय प्रत्येक सुविधा-सेवा की पहुंच अंतिम छोर तक हो। एसडीएम राजेंद्र प्रसाद ने विभिन्न योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी और ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को समस्याओं के समुचित समाधान के संबंध में निर्देश प्रदान किए। सरपंच पद्मा देवी ने गांव में हुए विकास कार्यों और जरूरतों से जिला कलक्टर को अवगत कराया और कहा कि सरकार की ओर से संचालित योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को दिया जा रहा है। इस दौरान तहसीलदार रतनलाल, नायब तहसीलदार महावीर प्रसाद, विकास अधिकारी विनोद धायल, सीबीईओ सुमन जाखड़, कृषि अधिकारी सविता बुडानिया सहित विभिन्न विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एवं ग्रामीण कार्मिक मौजूद थे।

## एक अनूठी और प्रेरणादायक पहल का आयोजन

**सीकर ।** अखिल भारतीय महिला परिषद शाखा सीकर की ओर से कच्ची बस्ती में एक अनूठी और प्रेरणादायक पहल का आयोजन किया गया। परिषद की कार्यकर्ता रुचि अग्रवाल और रोहित ने अपनी बेटी कनिष्का का जन्मदिन कच्ची बस्ती के जरूरतमंद बच्चों को भोजन कराकर और उनके साथ खुशियां बांटकर मनाया। यह आयोजन हर्षोल्लास और सामाजिक सौहार्द के माहौल में सम्पन्न हुआ। समाज सेवा का संकल्प लेते हुए शाखा की अध्यक्ष पूजा चौधरी ने बताया कि परिषद की सभी कार्यकर्ताओं ने यह शपथ ली है कि वे अपने बच्चों के जन्मदिन शादी की सालगिरह और अन्य उत्सव जरूरतमंद बच्चों और वंचित वर्ग के साथ मनाएंगे। उनका कहना है कि होटल और अन्य स्थानों पर फिजूल खर्च करने से बेहतर है कि इस धनराशि का उपयोग समाज के उन लोगों की भलाई के लिए किया जाए, जो वास्तव में इसके हकदार हैं।इस अवसर पर शाखा की कोषाध्यक्ष प्रियंका शर्मा, सचिव संयुक्त शशि बंशीवाल, मिडिया प्रभारी शिवानी तिवाड़ी ,कार्यकारिणी सदस्य संतरा देवी और रुचि अग्रवाल के परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने इस सामाजिक पहल में सक्रिय भूमिका निभाई और आयोजन को सफल बनाया।

## गोल्ड मेडल जीतने पर रैगर का सर्व समाज ने भव्य स्वागत किया

**रतनगढ़,( निसं )।** रतनगढ़ में आज कंबोडिया में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय पेरा थ्रो बॉल प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व कर गोल्ड मेडल जीतने वाली ममता रैगर का भव्य स्वागत सर्व समाज व विभिन्न समाज सेवी संस्थाओं द्वारा किया। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा से भव्य जुलूस के रूप में सर्व समाज के गणमान्य नागरिकों के साथ नगर के मुख्य मार्गों से निकाले गए स्वागत जुलूस का अनेकों स्थानों पर पुष्प वर्षा कर शानदार स्वागत किया गया। जलसे के बीच सर्वप्रथम ममता ने तालवाले बालाजी व श्याम बाबा के मंदिर पहुंचकर दर्शन किए जहां पुजारी परिवार व भक्त मंडल ने उनका दुपट्टा पहनाकर व चित्र देकर अभिनन्दन किया। तत्पश्चात् रामचंद्र मंदिर; गनेड़ीवाल मंदिर के पास राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, दुर्गावाहिनी की बहनों और राधा माधव भक्त मंडली ने प्रतीक चिह्न देकर तथा पुष्प वर्षा द्वारा जुलूस का स्वागत किया गया। स्वागत के क्रम में अन्य स्थानों पर विश्व हिन्दू परिषद, वेद विद्यालय, खांडल विप्र मंडल, भारत विकास परिषद, नामदेव समाज सेवा समिति, महाकाल मंदिर परिवार, गौड़ ब्राह्मण सेवा समिति आदि ने पुष्प वर्षा द्वारा इस जुलूस का पुष्प वर्षा कर शानदार स्वागत किया। रतनगढ़ को गौरवान्वित करने वाली इस उपलब्धि की सभी नगरवासियों ने मुक्त कंठ से सराहना की तथा रैगर समाज भवन पहुंचकर समाज द्वारा रखे गए प्रतिभा सम्मान समारोह में सभी गणमान्य नागरिकों एवं सर्व समाज प्रतिनिधियों ने शिरकत की और ममता को प्रतीक चिह्न भेंटकर तथा माल्यार्पण कर सम्मानित किया। रैगर समाज द्वारा इस अवसर पर अपने समाज की विभिन्न प्रतिभाओं को सम्मानित करने हेतु भी समारोह आयोजित किया था। रैगर समाज भवन में हुए इस आयोजन में इस अवसर पर अखिल भारतीय रैगर समाज अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रसाद बाकोलिया, रैगर समाज के राष्ट्रीय महासचिव मनोहर लाल बाकोलिया, किशनाराम गहनोलिया, ख्यालीराम सेवलिया, गजानंद खेड़ीवाल, वेद प्रकाश वाल्मीकि, फकीरचंद दानोदिया, दौलतराम दायमा, राजकुमार महर्षि, वासुदेव चाकलान, पप्पूराम रैगर आदि मंचस्थ अतिथि थे। स्वर्ण पदक जीतकर गौरवान्वित करने वाली रतनगढ़ की बेटी ममता रैगर का इस समारोह में विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल, दुर्गावाहिनी, खटीक समाज, अंबेडकर बौद्धिक मंच, रैगर बौद्धिक मंच, भारत विकास परिषद् , राजस्थान पेंशनर समाज, गुर्जरगौड़ ब्राह्मण समाज, खांडल विप्र मंडल, वाल्मीकि विकास समिति, सैन समाज सेवा समिति, लायंस क्लब वेस्ट, लायंस क्लब प्रेरणा, हंसराज खेड़ीवाल, मुरलीधर गाड़गिल, लालचंद बंशीवाल एवं सुरेन्द्र गाड़गिल ने सर्व रैगर समाज की तरफ से सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन धर्मवीर पिंगोलिया ने किया।

## दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित

**चिड़ावा।** शहर के आराध्य संत परमहंस पंडित गणेश नारायण बावलिया बाबा की पुण्यतिथि के मौके पर बाबा की साधना स्थली चौरासिया मंदिर में सात और आठ जनवरी को दो दिवसीय कार्यक्रम होंगे। मंदिर महंत झंडीप्रसाद ने बताया कि सात जनवरी को दोपहर एक बजे बावलिया बाबा भक्त मंडल, पंडित गणेश नारायण जागरण समिति और बावलिया बाबा महिला भक्त मंडल के संयुक्त तत्वावधान में सनातन आश्रम के प्रणेता वाणीभूषण पंडित प्रभुशरण तिवाड़ी के संयोजन में बावलिया बाबा मंगल पाठ का संगीतमय वाचन किया जाएगा। वहीं आयोजन के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। सांस्कृतिक प्रभारी विक्रम शर्मा ने बताया कि सात जनवरी को शाम सवा छह बजे महा आरती होगी और उसके बाद विभिन्न स्कूलों के बच्चों की ओर से सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएगी। बावलिया बाबा भंडारा समिति की ओर से सभी बच्चों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। वहीं आठ जनवरी को अल सुबह बाबा की प्रातः आरती होगी। जिसके बाद हलवा और चने के प्रसाद का भोग लगाने के साथ दिनभर प्रसाद का वितरण किया जाएगा। वहीं सुबह दस बजे से भंडारे का शुभारंभ होगा। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे।

## कार्यालय ग्राम पंचायत मगरासर, पंचायत समिति सुजानगढ (चूरू)

क्रमांक-ग्रा.प.मगरासर/ई.नि./2024-25/250-255 दिनांक-07.01.2025

### ई-निविदा सूचना 07/2024-25

ग्राम पंचायत मगरासर (पंचायत समिति सुजानगढ (चूरू) में नियम 181 के तहत निम्नलिखित कार्य हेतु राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियमों के तहत पंचायती राज विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर निगम एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों में पंजीकृत सक्षम श्रेणी ए, बी एवं सी तथा डी, ई श्रेणी के संवेदकों से ऑपन टेण्डरिंग प्रक्रिया के माध्यम से ऑनलाईन निविदा दिनांक 07.01.2025 को सुबह 11.00 बजे से 15.01.2025 को सायं 06.00 बजे तक आमंत्रित की जाकर ग्राम पंचायत स्तरीय क्रय समिति के समक्ष दिनांक 15.01.2025 को 12.00 बजे से ऑनलाईन खोली जायेगी। निविदा शुल्क एवं अमानत राशि की डी.डी. सरपंच ग्राम पंचायत मगरासर के नाम देय होगा। बैंकर्स चैक/डी.डी./स्टाम्प दिनांक 14.01.2025 को प्रात 11.00 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत मगरासर में जमा करानी होगी। विस्तृत जानकारी हेतु sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर निम्नानुसार दिनांक तक देख सकते है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि प्रति कार्य (लाखों में) | धरोहर राशि | निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग शुल्क | ऑनलाइन निविदा/ डाउनलोड /अपलोड करने की अवधि | निविदा शुल्क प्रोसेसिंग शुल्क एवं बिड सेक्यूरिंग का स्टाम्प जमा करने की अवधि | ऑनलाइन निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | गंदे पानी की निकासी हेतु नाला निर्माण कार्य बजरंग लाल झिंझा के घर व गुमाना राम मेघवाल के घर से आम गुवाड चेम्बर तक मगरासर | 999225/- रू. | 20000/- रू. | 500 रूपये सरपंच ग्राम पंचायत मगरासर एवं 500 रूपये (MD RISL JAIPUR) | 07.01.2025 को सुबह 11.00 बजे से 13.01.2025 को सायं 6.00 बजे तक | 14.01.2025 को 11.00 बजे तक | 15.01.2025 को 12.00 बजे |

**निविदा प्रपत्र को इलेक्ट्रोनिक फोरमेट में बेवसाई** http://eproc.rajasthan.gov.in **पर जमा कराये। निविदा ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया के माध्यम से आनलाईन डिजिल साईन द्वारा स्वीकार की जावेगी।**

1. ऑनलाईन निविदाएं अंकित तिथि को निर्धारित समय पर उपस्थित निविदाताओं या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष क्रय समिति द्वारा पंचायत समिति/ग्राम पंचायतकार्यालय में खोली जावेगी यदि किसी कारण वश निविदा निर्धारित तिथि को नहीं खोली जाती है तो निविदा खोलने की प्रक्रिया अगले कार्य दिवसों को भी जारी रखी जावेगी।
2. डाक, व ई-मेल से प्रेषित निविदाऐं एवं सशर्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जावेगा। ऑनलाईन प्राप्त दस्तावेजों पर ही विचार किया जावेगा। एवं कोई भी संवेदक इलेक्ट्रोनिकली जमा कराने में किसी कारण से लेट हो जाता है तो उसका जिम्मेदार विभाग नहीं होगा।
3. निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत एवं रद्द करने का अधिकार कमेटी के पास सुरक्षित है।
4. जी.एस.टी. प्रमाण पत्र टीन नम्बर एवं पैन कार्ड की प्रति ऑनलाईन संलग्न करना अनिवार्य है।
5. निविदादाता द्वारा संलग्न समस्त दस्तावेजों पर स्वयं प्रमाणित (हस्ताक्षरित) प्रतियों को आनलाईन संलग्न करना होगा।
6. तकनीकी बिड निर्धारित संलग्न प्रारूप एवं वित्तिय बिड निर्धारित ऑनलाईन बीओक्यु में अपलोड की जानी है।
7. शेष शर्तें सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम एवं वित्त एवं लेखा मार्गदर्षिका 2011 व राजस्थान लोक उपापन अधिनियम 2012 एवं 2013 व राज्य सरकार द्वारा समय समय पर जारी निर्देशों की पालना नियमानुसार होगी।
8. टेंडर के प्रपत्र में आवश्यक सभी सूचियों को सम्पूर्ण रूप से भरकर ऑनलाईन दर्ज करें। निविदा सूचना की शर्तें एवं पूर्ण विवरण www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी एवं डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

NIB NO. ZCR2425A0772, UBN NO. ZCR2425WSOB01470

**संतोष मेधवाल**
**सरपंच**
**ग्राम पंचायत मगरासर**
**पं.स. सुजानगढ (चूरू)**

**ग्राम विकास अधिकार**
**ग्राम पंचायत मगरासर**
**पं.स. सुजानगढ (चूरू)**

## कार्यालय ग्राम पंचायत मगरासर, पंचायत समिति सुजानगढ (चूरू)

क्रमांक-ग्रा.प.मगरासर/ई.नि./2024-25/243-248 दिनांक-07.01.2025

### ई-निविदा सूचना 08/2024-25

ग्राम पंचायत मगरासर (पंचायत समिति सुजानगढ (चूरू) में नियम 181 के तहत निम्नलिखित कार्य हेतु राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियमों के तहत पंचायती राज विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर निगम एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों में पंजीकृत सक्षम श्रेणी ए, बी एवं सी तथा डी, ई श्रेणी के संवेदकों से ऑपन टेण्डरिंग प्रक्रिया के माध्यम से ऑनलाईन निविदा दिनांक 07.01.2025 को सुबह 11.00 बजे से 15.01.2025 को सायं 06.00 बजे तक आमंत्रित की जाकर ग्राम पंचायत स्तरीय क्रय समिति के समक्ष दिनांक 15.01.2025 को 12.00 बजे से ऑनलाईन खोली जायेगी। निविदा शुल्क एवं अमानत राशि की डी.डी. सरपंच ग्राम पंचायत मगरासर के नाम देय होगा। बैंकर्स चैक/डी.डी./स्टाम्प दिनांक 14.01.2025 को प्रात 11.00 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत मगरासर में जमा करानी होगी। विस्तृत जानकारी हेतु sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर निम्नानुसार दिनांक तक देख सकते है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि प्रति कार्य (लाखों में) | धरोहर राशि | निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग शुल्क | ऑनलाइन निविदा/ डाउनलोड /अपलोड करने की अवधि | निविदा शुल्क प्रोसेसिंग शुल्क एवं बिड सेक्यूरिंग का स्टाम्प जमा करने की अवधि | ऑनलाइन निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | कीचड़ निपटान हेतु इन्टरलोकिंग सीमेंट कंक्रीट ब्लॉक 80 एम एम सड़क निर्माण कार्य आम गुवाड़ चोराहे से रा उ मा वि की और मगरासर | 997704/- रू. | 20000/- रू. | 500 रूपये सरपंच ग्राम पंचायत मगरासर एवं 500 रूपये (MD RISL JAIPUR) | 07.01.2025 को सुबह 11.00 बजे से 13.01.2025 को सायं 6.00 बजे तक | 14.01.2025 को 11.00 बजे तक | 15.01.2025 को 12.00 बजे |

**निविदा प्रपत्र को इलेक्ट्रोनिक फोरमेट में बेवसाई** http://eproc.rajasthan.gov.in **पर जमा कराये। निविदा ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया के माध्यम से आनलाईन डिजिल साईन द्वारा स्वीकार की जावेगी।**

1. ऑनलाईन निविदाएं अंकित तिथि को निारित समय पर उपस्थित निविदाताओं या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष क्रय समिति द्वारा पंचायत समिति/ग्राम पंचायतकार्यालय में खोली जावेगी यदि किसी कारण वश निविदा निर्धारित तिथि को नहीं खोली जाती है तो निविदा खोलने की प्रक्रिया अगले कार्य दिवसों को भी जारी रखी जावेगी।
2. डाक, व ई-मेल से प्रेषित निविदाऐं एवं सशर्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जावेगा। ऑनलाईन प्राप्त दस्तावेजों पर ही विचार किया जावेगा एवं कोई भी संवेदक इलेक्ट्रोनिकली जमा कराने में किसी कारण से लेट हो जाता है तो उसका जिम्मेदार विभाग नहीं होगा।
3. निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत एवं रद्द करने का अधिकार कमेटी के पास सुरक्षित है।
4. जी.एस.टी. प्रमाण पत्र टीन नम्बर एवं पैन कार्ड की प्रति ऑनलाईन संलग्न करना अनिवार्य है।
5. निविदादाता द्वारा संलग्न समस्त दस्तावेजों पर स्वयं प्रमाणित (हस्ताक्षरित) प्रतियों को आनलाईन संलग्न करना होगा।
6. तकनीकी बिड निर्धारित संलग्न प्रारूप एवं वित्तिय बिड निर्धारित ऑनलाईन बीओक्यु में अपलोड की जानी है।
7. शेष शर्तें सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम एवं वित्त एवं लेखा मार्गदर्षिका 2011 व राजस्थान लोक उपापन अधिनियम 2012 एवं 2013 व राज्य सरकार द्वारा समय समय पर जारी निर्देशों की पालना नियमानुसार होगी।
8. टेंडर के प्रपत्र में आवश्यक सभी सूचियों को सम्पूर्ण रूप से भरकर ऑनलाईन दर्ज करें। निविदा सूचना की शर्तें एवं पूर्ण विवरण www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी एवं डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

NIB NO. ZCR2425A0771, UBN NO. ZCR2425WSOB01469

**संतोष मेधवाल**
**सरपंच**
**ग्राम पंचायत मगरासर**
**पं.स. सुजानगढ (चूरू)**

**ग्राम विकास अधिकार**
**ग्राम पंचायत मगरासर**
**पं.स. सुजानगढ (चूरू)**

